an>

Title: Need to undertake measures to check discharge of effluents in Bagad river by industrial factories in Gajraula under Amroha Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे जल एवं वायु प्रदूषण की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। गजरौला शहर की कई फैक्ट्रियों में रसायनों का उत्पादन होता है जिसमें जुबिलेन्ट आर्गेनिक्स प्रमुख है जो थोड़ा आगे जाकर गंगा नदी में मिलती है। इस फैक्ट्री का गंदा व रसायनयुक्त पानी बगद नदी में छोड़ा जाता है। पानी को जमीन सोख लेती है जिसके कारण वहाँ भूजल भी संक्रमित तथा दूषित हो गया है।

इन फैक्ट्रियों के आसपास लगभग 30-35 किलोमीटर के क्षेत्र के लगभग 50 गाँवों में नलों से संक्रमित जल पीने को लोग मजबूर हैं जिसके कारण यहाँ के लोग कैंसर, ब्लड कैंसर, हैपेटाइटिस-सी जैसी जनलेवा बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। लोग समय-समय पर इस समस्या के समाधान के लिए आवाज उठाते रहे हैं, पर आज तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध हे कि इसके लिए एक जांच समिति बनाई जाए ताकि लोगों के स्वास्थ्य व जीवन की रक्षा की जा सके।